संoसंo–9/आ0–04–66/2023

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

**संकल्प**

सिविल सर्जन, खगडिया के पत्राक–38 दिनांक–06.01.2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि डा0 राकेश कुमार, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलदौर, खगडिया (R.No.-BR00150160004255) वर्ष 2021 से लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित है।

**2.** उक्त प्रतिवेदित आरोप के लिए डा0 कुमार के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–17 के निहित प्रावधान के अर्न्तत विभागीय सकल्प सं0–527(9) दिनाक–17.05.2023 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। सचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जॉच–प्रतिवेदन (अधिगम) मे आरोप प्रमाणित होने का मंतव्य दिया गया। तदपश्चात् विभागीय पत्राक–1778(9) दिनांक–22.12.2023 एव 207(9) दिनांक–02.02.2024 द्वारा डा0 कुमार से द्वितीय कारण–पृच्छा की गई। डा0 कुमार द्वारा द्वितीय कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित किया।

**3.** डा0 कुमार द्वारा प्रत्युत्तर समर्पित कर अवगत कराया गया कि वे PG कोर्स हेतु माता गुजरी विश्वविद्यालय, किशनगंज में अध्ययनरत होने के कारण कर्त्तव्य पर अनुपस्थित है। सिविल सर्जन, खगडिया के पत्राक–2062 दिनाक–20.08.2024 के द्वारा सूचित किया गया है कि डा0 कुमार द्वारा प्रभार ग्रहण के पश्चात् वर्ष 2021 से अबतक अनधिकृत रूप से अनुपस्थित है। फलत. अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा डा0 कुमार को बिना विभागीय अनुमति के कर्त्तव्य पर अनुपस्थित रहने के प्रमाणित आरोप में "सेवाच्यूति" की शास्ति अधिरोपित करने का विनिश्चय किया गया।

**4.** उक्त शास्ति प्रस्ताव में बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्राक–214 दिनांक–17.04.2025 द्वारा आयोग की सहमति एवं दिनांक–17.06.2025 को सम्पन्न मन्त्रिपरिषद् की बैठक में मद सख्या–06 पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त है।

**5.** तदनुसार डा0 राकेश कुमार, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलदौर, खगडिया के विरूद्ध वर्ष 2021 से लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप मे "सेवाच्यूति" की शास्ति अधिरोपित एव ससूचित किया जाता है।

**आदेशः**–संकल्प की प्रति डा0 राकेश कुमार एवं सभी संबधितों को निबंधित डाक से भेज दी जाए।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

**ह0/–**

**(उपेन्द्र राम)**

**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांकः–9/आ0–04–66/2023(स्वा0)**670(9)/ **पटना, दिनांकः** 18.6.25

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार (ले० एवं हक०) बिहार पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर–निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें मुंगेर प्रमडल, मुगेर/सिविल सर्जन, खगडिया/संबधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/06/2025

(15)

**प्रतिलिपिः**—डा0 राकेश कुमार, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलदौर, खगड़िया स्थायी पता—राजेन्द्र मेडिकल हॉल, स्टेशन रोड, पो0+थाना—मधेपुरा, जिला—मधेपुरा, पिन कोड—852113 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**—माननीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**—अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**—अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, शेखपुरा, पटना/अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार, पटना के निजी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**—प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—2, 3, 5, 7, 8, 10, 17 एवं 18A को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**—आई0टी0 मैनेजर, स्वा0 विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**—Departmental PMU Lead को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/06/2025

**सरकार के अवर सचिव।**